आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

23.07.2024 समय : 1850

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने संसद में नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश किया।

- बजट में दो लाख करोड़ रुपये के परिव्यय से पांच वर्ष की अवधि में चार करोड़ से अधिक युवाओं के लिए रोजगार और कौशल अवसर बढ़ाने की पांच योजनाओं और पहल के प्रधानमंत्री पैकेज की घोषणा।

- करदाताओं के लिए राहत के तहत नई कर व्यवस्था में वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक कटौती पचास हजार रुपये से बढ़ाकर पचहत्तर हजार रुपये की गई।

- वित्त मंत्री ने ग्रामीण बुनियादी ढांचा सहित समग्र ग्रामीण विकास के लिए दो लाख छियासठ हजार करोड़ रुपये के प्रावधान की घोषणा की।

- सरकार, जनजातीय समुदायों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान चलाएगी।

<><><><><><>

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामण ने आज लोकसभा में वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का आम बजट पेश किया। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट है। श्रीमती सीतारामण ने सातवीं बार बजट पेश किया है। वित्तमंत्री ने व्यक्तिगत आयकर दरों के संबंध में नई कर व्यवस्था का विकल्प चुनने वालों के लिए दो घोषणाएं कीं। वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन यानी मानक कटौती को पचास हजार रुपए से बढ़ाकर पचहत्तर हजार रुपए करने का प्रस्ताव किया गया है। पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती को पन्द्रह हजार रुपए से बढ़ाकर पच्चीस हजार रुपए करने का प्रस्ताव है। इससे नई कर व्यवस्था में लगभग चार करोड़ वेतनभोगियों और पेंशनभोगियों को लाभ होगा। नई कर व्यवस्था में कर दर संरचना में भी संशोधन किया गया है। तीन लाख रुपए तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा। तीन से सात लाख रुपए तक की आय पर पांच प्रतिशत, सात से दस लाख रुपए तक दस प्रतिशत, दस से बारह लाख रुपए तक पंद्रह प्रतिशत, बारह से पंद्रह लाख रुपए तक बीस प्रतिशत और पंद्राह लाख रुपए से अधिक आय पर तीस प्रतिशत तक कर लगाए जाने का प्रस्ताव है। इससे नई कर व्यवस्था में वेतनभोगी कर्मचारी को आयकर में सत्रह हजार पांच सौ रुपए तक की बचत हो सकेगी। वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास कराधान को सरल बनाने का है। हमने पिछले पाँच वर्षों में अनेक उपाय किए हैं जिसमें कॉरपोरेट टैक्स और व्यक्तिगत आयकर के लिए छूट और कटौतियों के बिना सरलीकृत कर व्यवस्थाएं प्रारम्भ करना शामिल है। वित्तवर्ष दो हजार बाईस–तेईस में अट्ठावन प्रतिशत कॉरपोरेट कर सरलीकृत कर व्यवस्था द्वारा जमा हुआ। बजट में रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एम एस एम ई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। रोजगार, कौशल प्रशिक्षण और अन्य अवसरों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री की पांच योजनाओं और पहल के पैकेज की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री पैकेज के भाग के रूप में रोजगार संबंधित प्रोत्साहन के लिए तीन योजनाएं लागू की जाएंगी। रोजगार पाने वालों को नियुक्त करने में कर्मचारियों और नियोक्ताओं की सहायता के लिए सब्सिडी के रूप में एक महीने का वेतन दिया जाएगा। दूसरी योजना के अंतर्गत विनिर्माण क्षेत्र में अतिरिक्त रोजगार को प्रोत्साहन दिया जाएगा। तीसरी योजना नियोक्ताओं पर केन्द्रित होगी। वित्तमंत्री ने बताया कि कृषि और सबंधित क्षेत्रों के लिए एक लाख बावन हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बजट में विकास आवश्यकताओं के लिए विदेशी पूंजी आकर्षित करने के वास्ते विदेशी कम्पनियों पर कॉरपोरेट कर दर चालीस प्रतिशत से घटाकर पैंतीस प्रतिशत की गई है। वित्त मंत्री ने ग्रामीण बुनियादी ढांचा सहित समग्र ग्रामीण विकास के लिए दो लाख छियासठ हजार करोड़ रुपये के प्रावधान की घोषणा की है। अगले दो वर्ष में पूरे देश में एक करोड़

किसानों को प्राकृतिक कृषि के लिए सहायता दी जाएगी। इसमें प्रमाण–पत्र और ब्रांडिंग व्यवस्था भी शामिल है। दस हजार आवश्यकता आधारित संसाधन केन्द्र स्थापित किये जाएंगे। वित्तमंत्री ने कहा है कि सरकार, जनजातीय समुदायों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि महिला नीत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं और बालिकाओं के लिए लाभकारी योजनाओं पर तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है। वित्तमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के दूसरे चरण में सरकार एक करोड़ शहरी निर्धन और मध्यवर्गीय परिवारों की आवास जरूरतें पूरी करने के लिए दस लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

<><><><><><>

बजट पेश होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो संदेश में कहा कि यह बजट हर वर्ग को नई ताकत देने वाला है। इस बजट से आर्थिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार और स्वरोजगार का अवसर मिलेगा। ये बजट गांव, ग्रामीण और युवाओं का बजट है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट से भारत को वैश्विक विनिर्माण केन्द्र बनाने में मदद मिलेगी।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में इस महीने की उनतीस तारीख से लेकर अगले महीने की बारह तारीख तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरिजीत बैनर्जी और न्यायमूर्ति सुगातो मजूमदार मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय में इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्प्यूटर, फिज़िकल और केमिकल साइंस पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हो गया है। कॉलेज में आयोजित समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. एच के शर्मा ने प्रमाणपत्रों का वितरण किया। इस अवसर पर रज्जू भईया संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार यादव, सम्मेलन के संयोजक डॉ. सैय्यद सलीम, डॉ. मिथिलेश यादव और डॉ. कंडीमुत्थु ने सम्मेलन के आयोजन और इसके उद्देश्य पर अपने विचार रखे।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को लाभ दिया जा रहा है। पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग की ओर से भी किसानों में इसका वितरण किया जा रहा है। तेरेसा द्वीप के जोसफ नामक एक कृषक को भी इस योजना का लाभ दिया गया है। वे इस द्वीप में रहने वाले पहले ऐसे कृषक है, जिन्हें किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में चौदह वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कों के लिए अंतर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के तहत जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मैदान में खेले गए मैच में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मॉडल ने रविन्द्र बांग्ला विद्यालय को दो–शून्य से पराजित कर दिया। भातुबस्ती मैदान में खेले गए मैच में डॉलीगंज और रंगाचांग की स्कूल विजयी रही।

उधर, मायाबंदर में ज़िला परिषद बैडमिन्टन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। पुरूषों के एकल मुकाबले के फाइनल में एम. यूसूफ ने शिव को पराजित किया। युगल मुकाबले में शिव और अर्पित की जोड़ी ने सुरेश और दिपेश को सीधे सेटो में पराजित किया।

<><><><><><>

शैक्षिणिक सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, डॉलीगंज और डिगलीपुर के पॉलिटेक्निक में डिप्लोमा इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए उम्मीदवारों की वरीयता सूची सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। सूची तकनीकी और व्यवसायिक शिक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में भी दर्शा दी गई है। चयनित उम्मीदवारों से पच्चीस जुलाई तक अपने शुल्क जमा करने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए कार्य दिवसों में सुबह नौ बजे से लेकर शाम पांच बजे तक दिए गए नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। हटबे में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक चार दशमलव आठ मिलीमीटर, पोर्ट ब्लेयर में तीन दशमलव नौ और लांग आइलैंड तथा वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>